Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 26-07-2005

Participants : Mehta Shri Alok Kumar

>

Title: Need to bring various railway stations between Bachhwada and Pusa in Samastipur Parliamentary Constituency, Bihar under Samastipur Railway Zone.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) : अध्यक्ष महोदय, समस्तीपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बछवाड़ा से समस्तीपुर होते हुए पुसा रेलवे स्टेशन तक (ब्रॉडगेज) बड़ी लाइन है, जिसमें कई स्टेशन एवं प्लेटफार्म है, जो सोनपुर मंडल के अंतर्गत आता है। सोनपुर मंडल कार्यालय की दूरी यहां से ज्यादा होने के कारण अक्सर कई प्रशासनिक दिक्कतों को सामना करना पड़ता है। जबकि उक्त रेल खंड के काफी नजदीक समस्तीपुर में ही समस्तीपुर रेल मंडल का कार्यालय है। प्रशासनिक दृटिकोण से उक्त रेल खण्ड को समस्तीपुर रेल मंडल के अंतर्गत होना चाहिए।

अतः मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय का ध्यान आकृट करते हुए मांग करना चाहता हूं कि उक्त रेल खण्ड को प्रशासनिक दृटिकोण से सोनपुर रेल मंडल के बजाये समस्तीपुर रेल मंडल के अंतर्गत रखा जाये।